सीएफए संस्थान से जुड़ा आइआइएम रांची

रांची. आइआइएम रांची (भारतीय प्रबंधन संस्थान) भारत में सीएफए संस्थान (चाटर्ड फाइनांसियल एनालिस्ट) से जुड़ गया है. इस संस्थान से जुड़ने के बाद आइआइएम रांची देश का नौवां संस्थान बन गया है. आइआइएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विवि संबद्धता कार्यक्रम के लिए एक संस्थान को अपने दो साल के एमबीए पाठ्यक्रम में सीएफए प्रोग्राम कैंडिडेट बॉडी ऑफ नॉलेज का कम से कम 70 प्रतिशत एंबेड करने की आवश्यकता होती है.

संबद्धता संस्थान को कक्षाओं में व्यावहारिक ज्ञान लाने के लिए सीएफए संस्थान के साथ काम करने का अवसर मिलेगा. डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को सीएफए परीक्षा के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क में छूट का भी लाभ मिलेगा. इसके माध्यम से आइआइएम रांची सीएफए संस्थान के साथ भी सहयोग करेगा. आइआइएम रांची सीएफए संस्थान विवि संबद्धता कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुश है.

सीएफए इंस्टीट्यूट की कंट्री हेड (इंडिया) आरती पोरवाल ने कहा कि आइआइएम रांची को यूएपी में शामिल होने पर गर्व हो रहा है. इससे आइआइएम रांची देश में निवेश प्रबंधन के क्षेत्र में प्रगति करने वाले युवा पेशेवरों के एक व्यापक प्रतिभा पूल को तैयार करेगा.

Prabhat Khabar, 03.03.2023, Pg.9